Regarding need to establish an extension counter of CSD/ESM Canteen in Nalagarh, Solan district in Himachal Pradesh-Laid

श्री सुरेश कुमार कश्यप (शिमला) **:** मैं सरकार का ध्यान अपनी लोकसभा क्षेत्र शिमला के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन स्थित नालागढ़ क्षेत्र की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ, जहाँ सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की बड़ी संख्या निवास करती है । नालागढ़ तथा इसके आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में सेवारत सैनिक परिवारों एवं पूर्व सैनिकों को CSD कैंटीन की सुविधाओं के लिए वर्तमान में दूरस्थ स्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । इस संबंध में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2025 को नालागढ़ में ESM/CSD कैंटीन एक्सटेंशन काउंटर की स्थापना हेतु प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित किया गया है । इस प्रस्ताव पर HQ Army Training Command, शिमला द्वारा भी परीक्षण किया गया है, जिसमें नालागढ़ क्षेत्र में एक्सटेंशन काउंटर की आवश्यकता को वास्तविक एवं जनहित में माना गया है । अतः मैं माननीय रक्षा मंत्री से आग्रह करता हूँ कि सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए नालागढ़, जिला सोलन (लोकसभा क्षेत्र शिमला) में शीघ्र CSD/ESM कैंटीन एक्सटेंशन काउंटर की स्थापना हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें ।